फर्द अहकाम
(नियम–26)
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़ (राज0)

श्री राजेन्द्र पुरोहित निवासी बून्दी रोड़, चित्तौड़गढ़

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़

किस्म प्रकरण अपील सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

प्रकरण संख्या 58/2019

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
02/07/19	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत अपीलान्ट श्री राजेन्द्र पुरोहित निवासी बून्दी रोड़, चित्तौड़गढ़ ने लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर अपीलार्थी को लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई है। अपीलार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांक 29.05.2019 से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) के विरूद्ध प्रथम अपील इस कार्यालय में प्रस्तुत की गई। अपीलार्थी द्वारा किस दिनांक को सूचना चाहने हेतु लोक सूचना अधिकारी के यहां आवेदन प्रस्तुत किया उसका अपील प्रार्थना पत्र में कहीं कोई अंकन नहीं किया गया और न ही उक्त अपील प्रार्थना पत्र के साथ लोक सूचना अधिकारी को सूचना चाहने हेतु प्रेषित आवेदन की प्रति संलग्न की तथा न ही अपील प्रार्थना पत्र में अपीलार्थी द्वारा उसके द्वारा क्या सूचनाऐं लोक सूचना अधिकारी से चाही गई उसका अंकन किया गया। जिस पर इस कार्यालय के पत्रांक/सरिश्ता/सू.अ./मुतफरीक/2019 /220 दिनांक 11.06.2019 (रजिस्टर्ड) से अपीलार्थी को सूचना चाहने हेतु प्रस्तुत आवेदन की प्रति भिजवाने हेतु लिखा गया किन्तु अपीलार्थी ने दिनांक 27.06.2019 (कार्यालय में प्राप्ति दिनांक 01.07.2019) को प्रार्थना पत्र प्रेषित करते हुए उसमें व्यर्थ कथनों का अंकन किया गया तथा आदिनांक तक उसके द्वारा वांछित सूचना चाहने हेतु प्रस्तुत आवेदन की प्रति प्रेषित नहीं की है। चूंकि अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना चाहने हेतु प्रस्तुत आवेदन की प्रति भिजवाने हेतु सूचित किया जा चुका है फिर भी उसके द्वारा आदिनांक तक सूचना चाहने हेतु प्रस्तुत आवेदन की प्रति प्रेषित नहीं की है तथा न ही अपील मेमों में वांछित सूचना का कोई अंकन किया है निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारीज की जाती है। निर्णय की प्रति संबंधित को प्रेषित की जावे। (शिवांगी स्वर्णकार) लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (जिला कलक्टर) चित्तौडगढ (राज.)	आ.जा. 2/7/19

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official